राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग

कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा हनुमानगढ़

पता–सादरिया रोड बालिका विद्यालय के पीछे हनुमानगढ़ जं० cdeo.hanumangarh.dse@rajasthan.gov.in

क्रमांक– मुजिशिअ/समग्र शिक्षा/हनु/2024–25/ 1302          दिनांक.– 8/11/2024

- जिला शिक्षा अधिकारी (मु०) माध्यमिक/प्रारम्भिक, हनुमानगढ़
- समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, हनुमानगढ़

विषयः– बजट घोषणा वर्ष 2024–25 बिन्दु संख्या 67 सफल एवं समयबद्ध कियान्वयन हेतु युवा महोत्सव के सफल आयोजन बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024–25 बिन्दु संख्या 67 के सफल एवं समयबद्ध कियान्वयन हेतु युवा महोत्सव आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

इस युवा महोत्सव में राजस्थान की लुप्त हो रही परम्परागत लोक संस्कृति एवं कला विधाओं, विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार को संरक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर "युवा महोत्सव" का "विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार"(Innovation in Science &Technology) थीम पर आयोजन किया जा रहा है।

इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी जैसेः– 1. Thematic Competition (विज्ञान/डिजिटल मेला का आयोजन) 2. सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं (सामुहिक लोक गायन, सामुहिक लोकनृत्य, एकल लोक गायन, एकल लोक नृत्य) 3. Life Skills (कविता पाठ, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण) 4. Yuva Kriti (हस्त कला, वस्त्र कला, कृषि उत्पाद) 5. राजस्थान की लुप्त कला जैसेः– फड, रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा, माण्डणा, लंगा, मांगणीयार, कठपुतली, खडताल, मोरगंज, भपंग आदि) 6. डिजिटल स्किल (वीडियों/रील ग्राफिक) आयोजित की जायेगी। युवा महोत्सव से संबंधित दिशा निर्देश/नियम शर्ते राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसका निम्नानुसार आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैः–

| क.सं. | महोत्सव का स्तर | दिवस | प्रस्तावित आयोजन तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ब्लॉक स्तर पर युवा महोत्सव | एक दिवस | 15 से 25 नवम्बर, 2024 |
| 2 | जिला स्तर पर युवा महोत्सव | एक दिवस | 26 नवम्बर से 05 दिसम्बर, 2024 |
| 3 | संभाग स्तर पर युवा महोत्सव | एक दिवस | 06 से 11 दिसम्बर, 2024 |

युवा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु निम्न अपेक्षायें हैः–

1. युवा महोत्सव में व्यापक प्रचार–प्रसार करके आपके ब्लॉक में (विश्वविद्यालय,महाविद्यालय, विद्यालय एवं एन.सी.सी., एन.एस.एस., एन.वाई.के.एस., भारत स्काउट व गाइड, हिन्दुस्तान स्काउट व गाइड एवं संगीत संस्थान) को 15–29 आयु वर्ग के युवाओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन स्वंय की एस.एस.ओ. आईडी https:\\youthboard.rajasthan.gov.in/ पर कराके डेटाबेस ब्लॉकवार तैयार किया जा रहा है। जिसका Access आपको भी दिया जा रहा है।

Signature valid

Digitally signed by Panna Lal Karela
Designation: Chief District Education Officer
Date: 2024.11.08 16:20:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. 11673429

Scanned with OKEN Scanner

# राजस्थान युवा बोर्ड

**(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)**
**सवाई मानसिंह स्टेडियम, प्रथम तल, जयपुर– आईपी नम्बर –23957**

क्रमांकः प. 1(19)रायुबो/2024 जयपुर, दिनांक 07/11/2024

समस्त जिला कलक्टर एवं
पदेन अध्यक्ष, जिला युवा बोर्ड
राजस्थान।

विषयः– बजट घोषणा वर्ष 2024–25 बिन्दु संख्या 67 सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु युवा महोत्सव के सफल आयोजन बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024–25 बिन्दु संख्या 67 के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आपके मार्गदर्शन में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा युवा महोत्सव आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

इस युवा महोत्सव में राजस्थान की लुप्त हो रही परम्परागत लोक संस्कृति एवं कला विधाओं, विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार को संरक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर "युवा महोत्सव" का "विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार" (Innovation in Science & Technology) थीम पर आयोजन किया जा रहा है।

इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी जैसेः– 1.Thematic Competition (विज्ञान/डिजिटल मेला का आयोजन) 2. सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं (सामुहिक लोक गायन, सामुहिक लोकनृत्य, एकल लोक गायन, एकल लोक नृत्य) 3. Life Skills (कविता पाठ, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण) 4. Yuva Kriti- (हस्त कला, वस्त्र कला, कृषि उत्पाद) 5. राजस्थान की लुप्त कला जैसेः– फड, रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा, माण्डणा, लंगा, मांगणीयार, कठपुतली, खडताल, मोरचंग, भपंग आदि) 6. डिजिटल स्किल (वीडियों/रील ग्राफिक) आयोजित की जायेगी। युवा महोत्सव से संबंधित दिशा निर्देश/नियम शर्ते राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है, जिसका निम्नानुसार आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैः–

| क.सं | महोत्सव का स्तर | दिवस | प्रस्तावित आयोजन तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ब्लॉक स्तर युवा महोत्सव | एक दिवस | 15 से 25 नवम्बर, 2024 |
| 2 | जिला स्तर युवा महोत्सव | एक दिवस | 26 नवम्बर से 05 दिसम्बर, 2024 |
| 3 | संभाग स्तर युवा महोत्सव | एक दिवस | 06 से 11 दिसम्बर, 2024 |

युवा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु निम्न अपेक्षायें हैः–

1. युवा महोत्सव में व्यापक प्रचार–प्रसार करके आपके जिले में (विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय एवं एन.सी.सी., एन.एस.एस., एन.वाई.के.एस., भारत स्काउट व गाइड, हिन्दुस्तान स्काउट व गाइड एवं विभिन्न संगीत संस्थान) को 15–29 आयु वर्ग के युवाओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन स्वंय की एस.एस.ओ. आईडी https://youthboard.rajasthan.gov.in/ पर कराके डेटाबेस जिलेवार तैयार किया जा रहा है। जिसका Access आपको भी दिया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

# राजस्थान युवा बोर्ड

(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)
सवाई मानसिंह स्टेडियम, प्रथम तल, जयपुर टेलीफैक्स 0141–2741489

## राज्य युवा महोत्सव–2024–25

**(समस्त ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय)**

## –: दिशा निर्देश :–

**(1) प्रस्तावनाः–**

- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर युवा वर्ग को सशक्त एवं सक्षम कर उनका सर्वांगीण विकास के लिए **"राज्य युवा महोत्सव"** का आयोजन किया जायेगा।
- "विकसित भारत," "विकसित राजस्थान" की संकल्पना को साकार करने के लिए इस वित्तीय वर्ष को "राज्य युवा महोत्सव" के रूप में मनाया जायेगा, जिसमें "विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार" (Innovation in Sciecne & Technology) थीम पर आधारित होगी।
- जो युवा पीढ़ी को सक्षम मंच प्रदान करने हेतु ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तरीय "राज्य युवा महोत्सव" करवाया जाना प्रस्तावित हैं।
- जिसका उद्‌देश्य राज्य की दुर्लभ परम्परागत लुप्त कला एवं संस्कृति को संर्वधन, संरक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु स्थानीय युवाओं की प्रतिभा को प्रदर्शित करना, कला, परम्पराओं एवं राज्य की संस्कृति विरासत को सुरक्षित रखना तथा राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सहयोग बढ़ाने के साथ–साथ धर्म, भाषा, सांस्कृतिक जीवन जीने की कला, रहन–सहन आदतों की विविधता का सम्मान कर सकें।
- राज्य के कला जगत एव नवाचार के उभरते सितरों की खोज करना।

**(2) उद्देश्य :–**

- ➢ राज्य के दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति को संर्वधन, संरक्षण एवं प्रोत्साहित करना।
- ➢ भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्य में जिला, सभाग एवं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन करना, जिसमें विभिन्न सांस्कृति प्रतियोगिताएं आयोजित करना।
- ➢ राज्य के युवाओं में विभिन्न कला कलात्मक क्षेत्रों अपनी प्रतिभा को विकसित करने के हेतु प्रतिभाओं की खोज करना।
- ➢ युवाओं को नैतिक मूल्य के विकास के लिए विविधतापूर्ण समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने पर बल देना।
- ➢ पारम्परिक एवं ग्रामीण कलाओं को प्रचारित करना।
- ➢ विकसित राजस्थान/ 2047 संकल्पना को साकार करने हेतु।



Scanned with OKEN Scanner

(3) लक्ष्यः—

"राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकरों की खोज करके, उन्हें सुविधा देकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तैयार करके उनको स्वावलम्बन बनाना।"

**(4) प्रेरणादायक युवा संवाद**

- मोटिवेशन स्पीकर के माध्यम से राज्य के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरणादायक व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास संबंधी युवा संवाद/युवा चर्चा/ऑनलाइन (वेबिनार) के माध्यम से आयोजित करेगें।
- ख्याति प्राप्त मोटिवेशन का पैनल तैयार कर प्रेरणादायक संवाद किया जाना प्रस्तावित है।
- मोटिवेशन में राज्य और केन्द्र सरकार की नीतियों योजनाओं की भी जानकारी दी जाना प्रस्तावित है।
- सोशल मीडिया के माध्यम से मोटिवेशन स्पीक दिया जायेगा जैसे — फेसबुक यूट्यूब वेबसाईट मोबाईल आदि के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।
- प्रेरणादायक युवा संवाद कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, भारत स्काउट व गाईड एवं हिन्दुस्तान स्काउट गाईड के स्वयं सेवको को अलग अलग सप्ताह में प्रेरणादायक संवाद किया जाना प्रस्तावित है।

**(5) ऑन लाईन रजिस्ट्रेशनः—**

- राजस्थान के प्रत्येक ब्लॉक/जिले/संभाग के युवा कलाकरों द्वारा अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
- राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट www.youthboard.rajasthan.gov.in पर जाकर Rajasthan Youth Festival- 2024 आईकन पर क्लिक कर अपना जिला एवं ब्लॉक स्लेक्ट करके अपना समस्त विवरण ऑनलाईन भरकर रजिस्ट्रेशन करें। उसके बाद उसका प्रिंट निकालकर संबंधित जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत करेंगें।
- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग प्राप्त आवेदन—पत्रों की जांच कर सभी युवाओं को ब्लॉक/जिला महोत्सव की सूचना देगें।
- आनॅलाइन रजिस्ट्रेशन प्रत्येक युवा कलाकरों के लिए अनिवार्य है बिना रजिस्ट्रेशन के युवा कलाकार युवा महोत्सव में भाग नही ले सकता।

**(6) डिजिटल मेला (DIGITAL MELA)**

डिजिटल मेला (विज्ञान मेला) का आयोजन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से किया जायेगा। जिसका उद्देश्य :—

1 युवाओं को नवाचार में बढ़ावा Create
2 युवाओं व्यक्तिव क्षमता में बृद्धि increase
3 युवाओं की कौशल कला को आकृषित करना Attract




Scanned with OKEN Scanner

## (7) गतिविधियांः–

| Sr.No. | Component | S.No. | Activity | Suggestive number of participation |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Thematic | 1 | Science Mela / Digital Skill (Video/ Reel graphic)<br>Thematic Competitions- | 40 |
| 2 | Culture | 2 | Group Folk Dance | 10 |
| | | 3 | Group Folk Song | 10 |
| | | 4 | Solo Folk Dance | 5 |
| | | 5 | Solo Folk Song | 5 |
| 3 | Life Skill | 6 | Poetry | 2 |
| | | 7 | Story Writing | 3 |
| | | 8 | Painting | 2 |
| | | 9 | Declamation | 2 |
| 4 | Yuva Kriti | 10 | Handicraft | 7 |
| | | 11 | Textile | 7 |
| | | 12 | Agro Products | 7 |
| 5 | Non Competitions (Only Rajasthan) | 13 | Extinct and rare arts of Rajasthan – Phad, Ravana Hattha, Rammat, Algoja, Mandana, kathputli , bhiti-chitra, Khadtal, Morchang, Bhapang etc. | 10 |
| | Total | | | 110 |

### सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आधार स्तर



**(8) प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं की योग्यता:–**

- राजस्थान का मूल निवासी हो।
- आयु 01 अप्रैल, 2024 को 15–29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए
- जिस वित्तीय वर्ष के लिए पुरस्कार दिया जायेगा उसके लिए 01 अप्रेल को 15 वर्ष की आयु और उस वित्तीय वर्ष के 31 मार्च को आयु 29 वर्ष से कम होनी चाहिए।
- आयु संबंध प्रमाण–पत्र– सैकेण्ड्री स्कूल प्रमाण–पत्र या आधार कार्ड या अन्य आयु संबंधी प्रमाण–पत्र।
- अध्ययनरत एवं गैर अध्ययनरत युवा भाग ले सकते है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक है।
- राज्य युवा महोत्सव में प्रथम विजेता दल राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सहभागिता करेंगें।
- राज्य युवा महोत्सव में प्रथम विजेता दल अन्तर्राष्ट्रीय युवा भ्रमण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगें।
- पूर्व में किसी युवा कलाकार ने ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त कर रखा हो, वह भी इन युवा महोत्सव में भाग ले सकता है।

**(9) युवा महोत्सव का आधार स्तर:– चार स्तरों में**

1. ब्लॉक स्तर युवा महोत्सव। (एक दिवसीय)
2. जिला स्तर युवा महोत्सव जिसमें ब्लॉक स्तर विजेता दल। (एक दिवसीय)
3. संभाग स्तर युवा महोत्सव जिसमें जिला स्तर विजेता दल। (एक दिवसीय)
4. राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में संभाग स्तरीय विजेता दल। (तीन दिवसीय)
5. राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राज्य स्तरीय विजेता दल। (राज्य में चयनित विजेता दल को वरीयता दी जायेगी।)
6. अन्तराष्ट्रीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में (राष्ट्रीय युवा विजेताओं को राज्य सरकार द्वारा अनुशंषा की जावेगी।)

**(10) निर्णायक मण्डल:–**

1. विभिन्न प्रतियोगिता के लिए अलग–अलग निर्णायक मण्डल होगें, जिसमें तीन सदस्य कम से कम होगें।
2. जिला, सभाग एवं राज्य स्तरीय महोत्सव हेतु निर्णायक मण्डल के सदस्यों में संबंधित कला के ख्याति प्राप्त/राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों/आचार्य/सह–आचार्य विषय विशेषज्ञों को रखा जायेंगा।
3. ब्लॉक स्तर पर कलाकारों/आचार्य/सह–आचार्य, व्याख्याता, विषय विशेषज्ञों को रखा जायेंगा।
4. निर्णायक मण्डल को संबंधित कला की गाईड लाइन्स की प्रति दी जायेगी, जिसके अनुसार ही निर्णय लिया जायेगा।
5. निर्णायक मण्डल स्वतन्त्र, निरपेक्ष, पारदर्शिता के अनुसार निर्णय करेंगे।
6. ब्लॉक जिला स्तर किसी निर्णय की अपील जिला कलक्टर तथा संभाग स्तर की संभागीय आयुक्त एवं राज्य स्तर की शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग में 15 दिवस के मध्य की जा सकती है।



Scanned with OKEN Scanner

7. युवा मामले एवं खेल विभाग के अनुमोदन के पश्चात् निर्णायकगण को आमंत्रित किया जायेगा।
8. निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार, के प्रपत्र दिनांक 27.07.2024 के अनुसार किया जाएगा।

## (11) विजेताओं को पुरस्कार :–

- ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव से ग्राम स्तर पर संचालित सरकारी/गैर सरकारी विद्यालय, महाविद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को सहित स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।
- ब्लॉक, जिला, संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में प्रत्येक प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता दलों के सदस्यों को नकद पुरस्कार एवं राजस्थान कला–रत्न लोगों सहित स्मृति चिन्ह पुरस्कार, प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा
- द्वितीय एवं तृतीय सदस्यों को कला–रत्न लोगों सहित स्मृति चिन्ह प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा।
- राज्य युवा महोत्सव में प्रत्येक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता दलों के सदस्यों को नकद पुरस्कार, कला–रत्न लोगों सहित स्मृति चिन्ह पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।
- राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम विजेता को अन्तर्राष्ट्रीय युवा भ्रमण कार्यक्रम में सहभागिता की जायेगी एवं द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को एवं संभाग के प्रथम विजेताओं को राष्ट्रीय युवा भ्रमण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगें।

ब्लॉक, जिला, संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में प्रत्येक प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता दलों के सदस्यों को नकद पुरस्कार एवं राजस्थान कला–रत्न लोगों सहित स्मृति चिन्ह पुरस्कार, प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा

### नकद पुरस्कार ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता हेतु

| क्र.सं. | एकल एवं सामूहिक प्रतियोगिता |
|---|---|
| 1 | प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक सदस्यो को 250/– रूपये |

### नकद पुरस्कार जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु

| क्र.सं. | एकल एवं सामूहिक प्रतियोगिता |
|---|---|
| 1 | प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक सदस्यो को 1000/– रूपये |

### नकद पुरस्कार संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु

| क्र.सं. | एकल एवं सामूहिक प्रतियोगिता |
|---|---|
| 1 | प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक सदस्यो को 1500/– रूपये |

राज्य युवा महोत्सव में प्रत्येक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता दलों के सदस्यों को नकद पुरस्कार, राजस्थान कला–रत्न लोगों सहित स्मृति चिन्ह पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।



Scanned with OKEN Scanner

## नकद पुरस्कार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु

| क्र.सं. | एकल एवं सामूहिक प्रतियोगिता |
|---|---|
| 1 | प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक सदस्यो को 50,000/– रूपये |
| 2 | द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक सदस्यो को 25,000– रूपये |
| 3 | तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक सदस्यो को 10,000/– रूपये |

**12 आयोजन के क्रियान्वयन की रणनीति**

- इस महोत्सव में इच्छुक 15–29 वर्ष के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी हेतु राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट https://youthboard.rajasthan.gov.in/ पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने पर ही ब्लॉक, जिला, सभाग में सहभागिता रहेगी।
- ब्लॉक, जिला, संभाग स्तर पर युवा महोत्सव के सभी प्रतिभागियों का निर्धारित आनॅलाइन पंजीयन करने के बाद ही युवा महोत्सव में भाग लेगा। आनॅलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म का एकजाई कर राजस्थान युवा बोर्ड को भिजवाये जायेगा।
- ''युवा महोत्सव'' का आयोजन संबंधित जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, (नोडल अधिकारी) शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजित किया जाना है।
- प्रमुख शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग की अध्यक्षता में संभागीय आयुक्त/जिला कलक्टरों से (VC) विड़ियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से बैठक आयोजित की जायेगी।
- मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के प्रमुख/शासन सचिव महोदय के साथ बैठक आयोजित की जायेगी।
- प्रचार–प्रसार– भारत स्काउट एण्ड गाइड, एन.एस.एस. एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन, द्वारा युवा क्लबों के माध्यम से गांव–गांव में महोत्सव का प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
- प्रचार– प्रसार– वेबसाईट, फेसबुक, समाचार पत्रों में एवं टी.वी. एवं, पोस्टर एवं पम्पलेट, कियोक्स, बेनर्स।
- युवा महोत्सव 2024 को अधिक प्रभावी संचालन हेतु अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जायेगा। संबंधित विधायकगण, जिला प्रमुख, प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजकीय संगीत संस्थान, गैर संगीत संस्थानों को भी महोत्सव में आमन्त्रित किया जायेगा।
- राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में आवास व्यवस्था समस्त जिलों से आने वाले सांस्कृतिक युवा कलाकारों युवक एवं युवतियों का सुरक्षा की दृष्टि अलग–अलग राजकीय संस्थाओं (आर.टी.डी.सी होटल, ओ.टी.एस., किसान केन्द्र) इत्यादि में व्यवस्था की जायेगी।
- विभिन्न विभागों से समन्वय एवं सहयोगः– विभिन्न विभाग जैसे खेल अधिकारी, जिला रोजगार विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, पर्यटक विभाग, ग्रामीण आजिविका मिशन, उच्च शिक्षा एवं शिक्षा विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, सामाजिक न्यायिक एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम।



Scanned with OKEN Scanner

- अन्य संस्थाओं के साथ समन्वयः– सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय, महाविद्यालय, संगीत संस्थान/संगठन जो युवा विकास संबंधी कार्यक्रम संचालित करते हो।
- युवा प्रतिभागी– एक ब्लॉक स्तर पर कम से कम 600 युवा तथा जिला स्तर पर 1000 युवाओं की प्रतिभागी होना चाहिए।
- ब्लॉक स्तर से विजेता दल जिला स्तर व जिला स्तर पर सभाग स्तर के राज्य स्तर युवा महोत्सव में आने–जाने का वास्तविक किराया बस/रेल्वे आयोजक द्वारा देय होगा।
- प्रतियोगिता मे निर्धारित अंक प्राप्त होने वाले को विजेता घोषित किया जायेगा। अंको का निर्धारण निर्णायक मण्डल द्वारा किया जायेगा। किसी प्रतियोगिता में एक से अधिक विजयेता होने पर विजयी प्रतियोगियों की प्रतियोगिता आयोजित कर एक को ही विजेता घोषित करें।
- अतः प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए अलग–अलग एक विजेता को जिला, संभाग स्तर से ही राज्य स्तर पर भिजवाया जायेगा।

## ब्लॉक स्तर पर युवा महोत्सव सफल आयोजन हेतु समिति

**ब्लॉक स्तर पर समितिः–**

| | |
|---|---|
| • उपखण्ड अधिकारी | अध्यक्ष |
| • उप–पुलिस अधिक्षक– | सदस्य |
| • तहसीलदार– | सदस्य |
| • अधिशाषी अधिकारी/परिषद/पालिका– | सदस्य |
| • जिला युवा समन्वयक, एन.वाई.के.एस. (प्रतिनिधि)– | सदस्य |
| • ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक– | आयोजन सचिव |
| • राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रतिनिधि)– | सदस्य |
| • सी.ओ. भारत स्काउट एण्ड गाइड– | सदस्य |
| • सी.ओ हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड– | सदस्य |
| • एनसीसी (प्रतिनिधि)– | सदस्य |
| • जिले में कार्यरत विद्यालय, महाविद्यालय के प्रतिनिधि– | सदस्य |
| • जिले में कार्यरत संगीत संस्थान के प्रतिनिधि | सदस्य |
| • राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ता/राष्ट्रीय युवा महोत्सव विजेता, युवा क्लबों के प्रभारी (संबंधित जिला) | सदस्य |

## जिला स्तर पर युवा महोत्सव सफल आयोजन हेतु समिति

**जिला स्तर पर समितिः–**

| | |
|---|---|
| • जिला कलक्टर– | अध्यक्ष |
| • जिला पुलिस अधिक्षक– | सदस्य |
| • अति. जिला कलक्टर– | सदस्य |
| • आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/परिषद/पालिका– | सदस्य |
| • जिला युवा समन्वयक, एन.वाई.के.एस.– | सदस्य |
| • जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक– | आयोजन सचिव |
| • जिला खेल अधिकारी– | सदस्य |
| • कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना– | सदस्य |
| • सी.ओ. भारत स्काउट एण्ड गाइड– | सदस्य |



Scanned with OKEN Scanner